हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
17 फ़रवरी 2025, समय 1810

- केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्यों की मंत्री निर्मला सीतारामन ने लघु, मध्यम व सूक्ष्म इकाइयों के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना का शुभारंभ किया।
- हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम सफल रहा।
- नई दिल्ली एवं उत्तर भारत के कई हिस्सों में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए।
- शिक्षा विभाग संपर्क दीदी एप में छठी कक्षा के सिलेबस को भी शामिल करेगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे।

************************************************************************

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मुंबई में लघु, मध्यम और सूक्ष्म इकाइयों के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना का शुभारंभ किया।
वित्त मंत्री ने कहा कि इससे लघु, मध्यम और सूक्ष्म इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा, जिस पर पिछले तीन बजटों में ध्यान केंद्रित किया गया था। इस योजना के तहत इन इकाइयों को मशीनरी या उपकरण खरीदने के लिए बिना किसी जमानत के 100 करोड़ रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत उन निवेशकों को अच्छा रिटर्न दे रहा है जो मुनाफा कमा रहे हैं।
वित्त मंत्री ने धन धान्य योजना को लेकर कहा-

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में अब ऐसा माहौल है जहां निवेश से अच्छा रिटर्न मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अनुकूल नीतियों के जरिए रक्षा विनिर्माण क्षेत्र का समर्थन किया है। इसके परिणामस्वरूप भारत का रक्षा निर्यात 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और महाराष्ट्र रक्षा विनिर्माण के केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।

************************************************************************

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज कहा कि हरियाणा विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में नवनिर्वाचित विधायकों को प्रशिक्षण दिया

गया जिससे सभी लाभान्वित हुए। उन्होंने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम सफल रहा। आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा-

उन्होंने कहा कि अतिथियों ने अपने लंबे अनुभव सदस्यों के साथ साझा किए।उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश के विकास में विधान मंडलों की अहम भूमिका है। सभी विधानसभा की कार्रवाई को संकलित करते हुए बनाए जा रहे पोर्टल को लेकर उन्होंने कहा -

विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम की सफलता से उत्साहित हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि भविष्य में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत योजना बना ली है। कल्याण विधायी संस्थाओं में युवा और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी खाका खींच रहे हैं। उन्होंने विधान सभा सचिवालय में शोध और कृत्रिम मेधा आधारित तकनीकों को प्रोत्साहित करने का भी निश्चय किया है।

************************************************************************

नई दिल्ली और उत्तर भारत के कई हिस्सों में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.0 आंकी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र दिल्ली के पास पांच किलोमीटर की गहराई पर बताया गया है।राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी के कई क्षेत्रों में आए भूकंप का केंद्र 28.59 उत्तरी अक्षांश और 77.16 पूर्वी देशांतर पर था। भूकंप में संपत्ति या जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

**********************************************************************

शिक्षा विभाग पहली क्लास से लेकर पांचवीं कक्षा तक के संपर्क दीदी एप के सहारे बच्चों का ज्ञान बढ़ा रहा है। अब विभाग ने छठी क्लास के बच्चों को भी इस में शामिल करने की तैयारी कर ली है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छठी क्लास के सिलेबस को शामिल किया जाएगा या आठवीं तक, लेकिन छठी तक के सिलेबस को इसमें शामिल करने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

परियोजना समन्वयक ललित कुमार ने बताया ---

कि शिक्षा विभाग शिक्षकों से किसी भी क्लास के किसी पाठ को किसी शिक्षक तैयार करवा लेता है। उस शिक्षक से उस पाठ के अंत में जितने भी मायने व सवाल या प्रश्न होते है। उन सभी के जवाब शिक्षक देता है। अगर किसी सवाल या प्रश्न में उदाहरण देने की जरूरत भी पड़ती है तो शिक्षक उदाहरण सहित उसका जवाब देता है। उसकी वीडियों तैयार करवाई जाती है और उस

वीडियो को संपर्क दीदी ऐप पर डाल दिया जाता है। जब भी जरूरत होती है। उसी समय उस ऐप के जरिए उस वीडियो को संचालित करके बच्चों की उस पाठ के सभी सवाल तथा प्रश्नों के जवाब दिए जाते है। संपर्क दीदी के भिवानी के प्रतिनिधि ने बताया -

इस बार छठी क्लास के सिलेबस की भी इसी तरह की वीडियो तैयार करवाकर उक्त ऐप पर डलवाई जाने की प्रक्रिया जारी है।फिलहाल भिवानी के 68 प्राइमरी मार्डॅल संस्कृति स्कूलों में यह नई व्यवस्था चालू की जा चुकी है।

*************************************************************************

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह आयोजन कल विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन में किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, इसरो के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. एस सोमनाथ तथा कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिंदल, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 212 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि दी जाएगी। इसके ईलावा 2 हज़ार 959 स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्रियां तथा 91 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

*************************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में फ़सल विविधिकरण को बढ़ावा देते हुए मधुमक्खी पालन व्यवसाय पर जोर दिया जा रहा है।आज यह जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए मधुमक्खी पालन नीति भी बनाई गई है, ऐसी नीति बनाने वाला हरियाणा पहला राज्य है। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक प्रदेश में 15,500 मीट्रिक टन शहद के उत्पादन का लक्ष्य रखा है।श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश में मधुमक्खी पालन की गतिविधियों, जैसे-शहद उत्पादन, पोलन निष्कर्षन, गुणवत्ता मूल्यांकन को बढ़ावा देने के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत मधुमक्खी पालकों को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं।कृषि मंत्री ने बताया कि कुरुक्षेत्र जिला में "एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, रामनगर" स्थापित किया गया है। इस केंद्र में मधुमक्खी पालकों को प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने दोहराया कि राज्य सरकार किसान हितैषी है और अपने प्रदेश के किसानों के हित के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।